संख्या:379/2023/978/35-4-2023/001-35-4099/78/2022

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बलिया।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 25 मार्च, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद बलिया में शासनादेश संख्या-72/2021/813/35-4-2021, दिनांक 25 मार्च, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित स्वीकृत किये गये 09 कार्यों में से 02 कार्यों की लागत रु. 2531.02 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू0 632.76 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। । तत्पश्चात शासनादेश संख्या-47/ 2022/129/35-4-2022, दिनांक 14 फरवरी, 2022 द्वारा एक कार्य हेतु द्वितीय किश्त के रूप में रू. 273.16 लाख एवं शासनादेश संख्या-283/2022/951/35-4-2022/001-35-4099/78/2022, दिनांक 23 अगस्त, 2022 द्वारा प्रश्नगत दोनों कार्यों हेतु जिलाधिकारी के पत्र के क्रमांक-01 पर अंकित कार्य हेतु तृतीय किश्त के रूप में रु. 273.16 लाख तथा क्रमांक-02 पर अंकित कार्य हेतु द्वितीय किश्त के रूप में रू. 359.60 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी के पत्र के क्रमांक-1 पर अंकित कार्य की तीन किश्तें अर्थात रू. 819.48 लाख एवं क्रमांक-2 पर अंकित कार्य की दो किश्तें अर्थात रु.719.20 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी बलिया द्वारा उक्त 02 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्ववारा उपर्युक्त शासनादेशों से अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए तालिका के क्रमांक-1 पर अंकित कार्य की लागत के सापेक्ष चतुर्थ किश्त के रूप में अनुमन्य 20 प्रतिशत धनराशि रू. 218.53 लाख एवं क्रमांक - 2 पर अंकित कार्य हेतु तृतीय किश्त के रूप में 25 प्रतिशत धनराशि रू.359.60 लाख अर्थात कुल रु. 578.13 लाख (रूपए पांच करोड़ अठहत्तर लाख तेरह हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	**अनुमोदित लागत**	**पूर्व मे अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1	दलनछपरा बी0एस0टी0 बन्धा के पास से श्रीराम सिंह कटरा से मा0 मस्त जी के डेरा दोकटी घाट तक सी0सी मार्ग का निर्माण कार्य	1092.64	819.48	218.53
2	सुमेरनपुर रेलवे स्टेशन बालक बाबा के मठिया से डुमाई घाट से पहले तक सी0सी मार्ग का निर्माण कार्य	1438.38	719.20	359.60
	योग	**2531.02**	**1538.68**	**578.13**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक दिनांक 25 मार्च, 2021, दिनांक 14 फरवरी, 2022 तथा 23 अगस्त, 2022 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 5,78,13,000 (रूपए पांच करोड़ अठहत्तर लाख तेरह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:**379/2023/978/35-4-2023/001-35-4099/78/2022** तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, आजमगढ़ मण्डल।
8- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी बलिया।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बलिया।
13- अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।